### पुलिस इस मामले में फरार हो गए लोगों की जानकारी जुटाने में लगी
## पुलिस और वेकोलि सुरक्षा कर्मियों ने जब्त किया कोयला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अंबाड़ा में बंद कोयला खदानों से अवैध कोयला उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए वह वेकोलि प्रबंधन और स्थानीय पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। बावजूद इसके अवैध रूप से कोयला उत्खनन और परिवहन का काम करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। बीते दिनों बंद कोयला खदानों में जेसीबी आदि मशीनों के द्वारा खदानों की मुहाने बंद करने के बावजूद बीती रात मंगलवार को वेकोलि के सुरक्षा गार्ड्स और पुलिस के द्वारा 20 से 25 कोयले से भरी बोरियों मोहन कालरी क्षेत्र की बंद खदानों से पकड़ी गई ।जिन्हें जप्त कर अंबाड़ा पुलिस चौकी में रखा गया है। वहीं पुलिस इस मामले से जुड़े लोगों, जो मौके से फरार हो गए, उनकी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। इस घटना से यह बात सामने आ रही है, कि प्रबंधन और पुलिस यदि डाल - डाल है तो, यह कोयला माफिया भी पात -पात हैं।

### सेवा के जज्बे को सलाम : आरपीएफ के जवान और महिला सिपाही ने बचाई युवती की जान



परासिया :- 17 दिसंबर बुधवार दोपहर 1 बजे परासिया स्टेशन पर मौजूद यात्री उस वक्त स्तब्ध रह गए, जब एक युवती का चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन की चपेट में आई, तभी आर पी एफ के हवलदार जवाहर सिंह और महिला पुलिस पायल यादव ने अपनी जान की बाजी लगाकर युवती की जान बचाई ।दरअसल बुधवार को ट्रैन नंबर 20423 पातालकोट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे देरी से परासिया स्टेशन पहुंची। ट्रैन जब चलने लगी तो भाजीपानी की 19 वर्षीय प्रिन्सी राय चलती ट्रैन में चढ़ने लगी। तभी पैरदान से उसका पैर फिसल गया और वह ट्रैन और प्लेटफार्म के बीच मौजूद गैप के बीच आ गई। युवती ने ट्रेन के गेट पर लगे हैंडल को पकड़ा हुआ था। ट्रैन के साथ वह भी लटके हुए आगे बढ़ती रही, इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात हवलदार जवाहर सिंह और महिला सिपाही पायल यादव दौड़े और युवती के दोनों हाथ पकड़ कर ट्रेन के साथ दौड़ते रहे। ट्रैन काफी दूर तक चलने के बाद रुकी और युवती को सुरक्षित निकाला गया। युवती नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जा रही थी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्री स्तब्ध रहे। युवती को सकुशल बचाये जाने के बाद स्टेशन पर मौजूद लोगों ने राहत की स्वांस ली और आर पी एफ पुलिस की सराहना की।

### अवैध शराब पर आबकारी की कारवाई, 750 किलो लाहन नष्ट



पांढुर्ना। क्षेत्र के ग्राम परसोडी के नदी - नालों एवं झाडियों में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आज सघन कारवाई करते हुए मौके पर 750 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट कर दिया। यह कारवाई सहायक आबाकरी आयुक्त भीमराव वैद्य के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु की गई। इस कारवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नरेंद्र नागेश तथा आबकारी आरक्षक अनुराग गोनेकर एवं श्रद्धा रहांगडाले उपस्थित रही।

### बेटे और बहू का संपत्ति पर कब्जा, मां को किया बेदखल, कलेक्टर ने त्वरित सुनवाई कर मां को दिलाया कब्जा

पांढुर्ना। सौंसर के वार्ड क्र. 8 की निवासी लक्ष्मीबाई की संपत्ति पर कब्जा कर उसे बेदखल करनेवाले पुत्र और बहू की शिकायत पर तत्काल विधिसंगत कारवाई कर न्याय प्रदान करते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने वृद्धा को उनके घर का कब्जा पुनः दिलाया। ज्ञात हो कि लक्ष्मीबाई पति चैतराम घायवाट निवासी सौंसर ने अपने पुत्र एवं बहू के खिलाफ शिकायत प्रस्तुत की थी। इसमें बताया था कि लक्ष्मीबाई की स्वअर्जित संपत्ति पर पुत्र और पुत्रवधू द्वारा कब्जा कर उन्हें घर से बेदखल कर दिया गया है। आज इस प्रकरण की सुनवाई उपरांत, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत कारवाई की गई। कलेक्टर नीरज वशिष्ठ के निर्देश पर वयोवृद्ध लक्ष्मीबाई को उनके घर का कब्जा तत्काल दिलाया गया।

### संयुक्त संचालक ने आईटीआई केंद्रों का किया निरीक्षण




छिंदवाड़ा। आईटीआई के जबलपुर जोन के संयुक्त संचालक बी एल पनिका ने बुधवार को जिले की नोडल आईटीआई सहित अन्य शासकीय आईटीआई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईटीआई की व्यवस्थाएं देखी तथा उन्नयन के लिए कुछ सुझाव भी दिए। आईटीआई तकनीकी कर्मचारी संघ के संभागीय महामंत्री स्वामी प्रसाद सूर्यवंशी तथा संघ के कोषाध्यक्ष प्रकाश गेडाम ने संघ की ओर से संयुक्त संचालक का स्वागत किया। इस अवसर पर तीनों शासकीय आईटीआई के नवनियुक्त प्राचार्य सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही से आमजन त्रस्त
### अघोषित विद्युत कटौती से बिफरे जनप्रतिनिधि, कार्यपालन यंत्री से मिलकर दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर क्षेत्र में पिछले 3-4 दिनों से लगातार की जा रही अघोषित बिजली कटौती ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली गुल रहने से जहां छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं व्यापारी और छोटे लघु उद्योग भारी नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

इस गंभीर लापरवाही के विरोध में पार्षद प्रमोद बंदेवार एवं पूर्व सभापति राजेन्द्र सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत रूप से कार्यपालन यंत्री, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जुन्नारदेव को पत्र सौंपकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। पार्षदों ने पत्र में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बिना सूचना की जा रही बिजली कटौती से न सिर्फ आमजन की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है, बल्कि छात्रों का भविष्य और व्यापारियों की रोजी-रोटी भी दांव पर लग रही है। यह स्थिति पूरी तरह अस्वीकार्य है।साथ ही पार्षदों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि - नगर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। यदि मेंटेनेंस के कारण बिजली बंद करना आवश्यक हो, तो उसका निश्चित समय पूर्व से घोषित किया जाए।उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो जनआक्रोश बढ़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह विद्युत विभाग की होगी। नगरवासियों ने भी पार्षदों की इस पहल का समर्थन करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।विपिन बिंदवारी धनु लाल नामदेव अखिलेश अमरवंशी राजेश नागवंशी उपस्थित थे।

### सांसद कप बालक वर्ग बॉलीबॉल में मोया स्कूल ने जीता फाइनल

छिंदवाड़ा। सांसद कप प्रतियोगिता में हुए जिला स्तरीय बॉलीबॉल मुकाबलों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोया ने बॉलीवाल प्रतिस्पर्धा में फाइनल मुकाबला जीता,मोया स्कूल ने क्वार्टर में जुन्नारदेव को हराया, सेमीफाइनल में छिंदवाड़ा को हराया, फाइनल में परासिया को हराकर सांसद कप प्रतियोगिता का विजेता बना,स्कूली बच्चे द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोया एवं विकास खण्ड बिछुआ का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबला जीतने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं स्कूल प्राचार्य नितेश ढोबले,कोच कपिल सिंह राजपूत,विकासखंड खेल प्रभारी संजीव गौतम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं जीत की बधाई प्रेषित की।

## विद्यार्थियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ





छिंदवाड़ा। सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शासकीय कलापथक अधिकारी भोपाल (म.प्र.) संचालनालय की उपस्थिति में नशा मुक्त भारत अभियान नशामुक्ति अभियान अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पाल एवं कार्यक्रम में मौजूद रहकर सहयोग कलाकार सुखसागर कुडापे, सुरेश कुमरे, स्कूल स्टाफ, शिक्षकों द्वारा किया गया। युवाओं में नशे की प्रवृत्ति, मोबाइल का नशा केरियर में नशे का अवरोध आदि विषयों में चर्चा का विषय मंथन किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहू पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहू पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्र प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाघमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण**- 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर पर मरीज से अभद्रता व गाली-गलौज का आरोप
### डॉक्टर को निलंबित करने व आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर अमनदीप पर आदिवासी मरीज के परिजन क़े साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित आदिवासी मरिज शेखर पराने ग्राम चिकलमऊ निवासी उम्र 22 वर्ष के दो परिजन व आदिवासी मित्र गणेश कवरेती 22 वर्ष व मनजे कुमरे 22 वर्ष शेखर को 15 तारीख रात्रि 8:00 बजे वाहन दुर्घटना से उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए थे।

पीड़ति ने बताया कि उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टर अमन दीप ने न केवल उसकी समस्या को गंभीरता से नहीं सुना, बल्कि उसके साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए मां, बहन की गन्दी गाली ली का उपयोग किया.जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ. पीड़ति के अनुसार, जब उसने अपने उपचार को लेकर सवाल किया तो डॉक्टर ने उग्र होकर उसे अपशब्द कहे और बाहर जाने को कहा। इस घटना के बाद स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद अन्य मरीजों और उनके परिजनों ने भी डॉक्टर के व्यवहार पर नाराजगी जताई। घटना की शिकायत अगले दिन पीड़ित मरीज के परिजन व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय वरिष्ठ अधिकारियों को की गई. पीड़ित ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार का व्यवहार एक सरकारी स्वास्थ्य संस्थान की गरिमा के विपरीत है और इससे आम जनता का भरोसा टूटता है।इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन ने कलेक्टर की तत्काल आदेश के बाद डॉक्टर अमनदीप को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए हरई विकासखंड के बटकाखापा स्वास्थ्य केंद्र में कर दिया. इधर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता व पीड़ित बुधवार दोपहर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने डॉक्टर पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही।

#### इनका कहना है

अस्पताल में मरीजों के साथ गाली-गलौज के घटना क्रम के पश्चात कलेक्टर को आदिवासी समाज के द्वारा शिकायत दी गई थी. जिसके बाद कलेक्टर के आदेश पर डॉक्टर को बटका खापा स्थानांतरित कर दिया गया है. डॉक्टर ने इस्तीफा सौपा है.आगे विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**सुरेश नागवंशी, बीएमओ जुन्नारदेव**

### नगर पंचायत न्यूटन चिखली का मामला, सड़क की ठीक से नहीं की जा रही तराई
## सड़क निर्माण में लापरवाही की वार्डवासियों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




नगर पंचायत न्यूटन चिखली के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाहियों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। हाल ही में वार्ड नंबर 13 व 14 के वासियों के द्वारा सड़क निर्माण और पेवर ब्लॉक कार्य में की जा रही लापरवाही को लेकर सीएमओ से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता सतीश डेहरिया श्रीपाल वर्मा, करण सिंह सोलंकी, अनूप चौरसिया, अनिल बाघ, राजा कीर, जयंत राय, संतलाल राय सहित और भी अन्य लोगों द्वारा सीएमओ को लिखित शिकायत कर कहा गया है, कि वार्ड नंबर 13 और 14 में सड़क निर्माण और पेवर ब्लॉक का काम हो रहा है। सड़क में पानी की तराई ठीक से नहीं की जा रही है। इंजीनियर की अनुपस्थिति में निर्माण कार्य हो रहा है। रात में बगैर प्रकाश व्यवस्था के निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण में जो मटेरियल उपयोग हो रहा है वह भी सही मानको के आधार पर नहीं है। सीमेंट भी अमानक उपयोग किया जा रहा है। जो पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं, वह अभी से जमीन में धसने लगे हैं। शिकायतकर्ताओं ने सीएमओ से इन निर्माण कार्य की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग रखी है।

### अवधि पूर्ण होने के बाद भी जारी निर्माण कार्य

उक्त शिकायत के अलावा वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद और भाजपा नेता जयंत राय ने सीएमओ से शिकायत की है, कि नगर में विभिन्न निर्माण एजेंसी कार्य कर रही हैं, जिनकी निर्धारित अवधि समाप्त हो चुकी है और जो समय सीमा बढ़ाई गई है वह भी समाप्त होने के बाद निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। जिससे नगर में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शिकायत में कहा है, कि जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी और शिवाय कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण कार्य किए गए हैं, जो अवधि समाप्त होने के बाद भी पूर्ण नहीं हुए। अधिकांश एजेंसियों के द्वारा अन्य दूसरे ठेकेदारों को पेटी पर काम दे दिया गया है।

### भविष्य में विराट कोहली के साथ खेलेगा बोरगांव का मंगेश यादव, आईपीएल में चयन की खुशी में बधाई देने उमड़ रहे लोग

# संघर्ष की जीतः बोरगांव के ट्रक ड्राइवर के बेटे मंगेश ने गाड़ा झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों और इरादे नेक, तो गरीबी कभी भी कामयाबी के आड़े नहीं आती। इस बात को सच कर दिखाया है बोरगांव के रहने वाले मंगेश यादव ने। हाल ही में संपन्न हुई आईपीएल नीलामी में आरसीबी ने खिलाड़ी मंगेश यादव को 5 करोड़ 20 लाख रुपए का एक्शन कर अपनी टीम में शामिल किया है। मंगेश के पिता रामअवध यादव पेशे से एक ट्रक ड्राइवर हैं। माता ग्रहणी है,परिवार घर की आर्थिक स्थिति बेहतर न होने के बावजूद, उन्होंने अपने बेटे के सपनों को टूटने नहीं दिया। पिता दिन-रात सड़कों पर ट्रक दौड़ाते रहे ताकि बेटा मैदान पर अपनी किस्मत आजमा सके। आज जब आईपीएल की बड़ी लीग में उनका चयन हुआ, तो पूरे गांव में जश्न का माहौल है। बधाई देने वालों का घर में ताता लगा हुआ है। मंगेश यादव की मंगलवार की रात्रि जैसे ही यह खबर ग्राम बोरगांव पहुंची कि मंगेश यादव का 5 करोड़ 20 लाख रुपए में आरसीबी क्रिकेट टीम में चयन हुआ है तो परिजनों दोस्तो ग्रामीणों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। इस उपलब्धि पर मित्र मंडली ने नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर जोरदार आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को बधाई देकर जश्न मनाया वहीं सैकड़ो लोगों ने मंगेश के घर पहुंच कर पिता रामअवध यादव, एवं माता रीता यादव और बहनों को केक मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं बधाई दी है।

## पूर्व सांसद नकुलनाथ ने दी परिजनों को दूरभाष पर बधाई

रात्रि में ही पूर्व सांसद नकुलनाथ ने दूरभाष पर मंगेश के माता-पिता से चर्चा करते हुए उन्हें इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी, रात में युवक कांग्रेस नेता ग्राम पंचायत बोरगांव सरपंच पंकज




दातारकर,उपसरपंच घनश्याम कालपाण्डे,प्रदीप कालपाण्डे,गोविंदा पुसदेकर,मित्र मंडली के साथ में पहुंचकर परिजनों का पुष्प माला पहनकर स्वागत बधाई दि है। बुधवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, उद्योगपति मोहन ताजने, सरपंच दिनेश भलावी,भोजराज धोतके,मामा ठाकुर,देवेंद्र गायकवाड़, आदि ने निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों का स्वागत सत्कार कर बधाई दि, इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष मोहड़ के द्वारा विपरीत परिस्थितियों में संसाधनों के अभाव के साथ एक ट्रक ड्राइवर के बेटे का राष्ट्रीय मंच तक पहुँचना हर युवा के लिए प्रेरणादायी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मंगेश यादव, उनके माता-पिता, कोच और जिला क्रिकेट संघ को हार्दिक बधाई के पात्र है। क्षेत्र के युवाओं एवं खिलाड़ियों ने खिलाड़ी मंगेश यादव से कामयाबी की सीख लेनी चाहिए। खिलाड़ी मंगेश यादव के पिता राम यादव ट्रक ड्राइवर है एवं मंगेश लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव के छात्र रहे है। चर्चा के दौरान मंगेश के पिता रामअवध यादव ने बताया कि क्रिकेट में मंगेश शुरू से ही लगा था, सांसद कप छिंदवाड़ा में जीता था, अकादमी में जाने के लिए आर्थिक परेशानी थी परंतु बोरगांव के तीन दोस्तों ने मदद कर उसे समस्या को समाप्त कर दिया है। ग्राम वासियों के सहयोग से ही आज मंगेश यह उपलब्धि हासिल कर पाया है। इस उपलब्धि का श्रेय मंगेश की मेहनत और ग्राम वासियों दोस्तो को देता हूं।

## हनुमान लोक पहुंचे महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्य मंत्री भोयर



**सौंसर।** बुधवार को चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) जामसांवली धाम में डॉ. पंकज भोयर, गृह राज्य मंत्री, महाराष्ट्र ने परिवार जनों एवं इष्ट मित्रों के साथ श्री मूर्ति की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।जामसावली मंदिर आगमन के दौरान गृह राज्य मंत्री श्री भोयर के द्वारा चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली मंदिर मैं चल रहा है निर्माण कार्य आगामी समय में होने वाले मंदिर निर्माण आदि के संबंध में हनुमान मंदिर जाम सांवली ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी से चर्चा की है। इस दौरान परंपरा के अनुसार चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं मंदिर ट्रस्टी संदीप मोहड़,टीकाराम कारोकार आदि के द्वारा महाराष्ट्र शासन के गृह राज्य मंत्री श्री भोयर का चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली का मूर्ति चिन्ह देकर स्वागत सत्कार किया गया।

## वन विभाग के द्वारा प्रकृति के करीब पहुंचे छात्र-छात्राएं



**सौंसर।** वन विभाग की ओर से बच्चों को वन पर्यावरण के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो इस उद्देश्य को लेकर अनुभूति कैंप का आयोजन किया जा रहा है।वन विभाग की ओर से एक दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में शा. उ.मा.वि. काराघाट कामठी, शा. उच्च मा. शाला पलासपानी, एकी शास. मा.शाला मोरघाट में किया गया जहां पर 118 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है।आयोजन मुख्य वन संरक्षक मधु व्ही वन वरिष्ट अधिकारी चिन एच. नडगड्डी के निर्देशन मे एवं सौसर वन विभाग एसडीओ प्रमोद चोपडे के मार्गदर्शन में वनपरिक्षेत्र अंबाडा के अंतर्गत मोरघाट वन क्षेत्र में एक दिवसीय अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया, अनुभूति कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर जगदीश प्रसाद शिवहरे द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रकृति पथ पर वनों, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया,प्रकृति पथ पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी खेल खेले गए, प्रकृति पथ भ्रमण उपरांत बच्चों के साथ क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2023-24 की थीम ₹मैं भी बाघ₹, वर्ष 2024-25 की थीम ₹हम हैं बदलाव₹ तथा 2025-26 की थीम ₹हम है धरती के दूत₹ की जानकारी दी गई है।कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी अंबाडा ,प्रभुराम मुछाला, जिला पंचायत सदस्यश्रीमति ललिता कुमरे,जप सदस्य श्रीमति शकुन्तला उईके,श्रीमति अरूणा बाई उईके,प्रदीप उईके, सेकलाल कुमरे, शेषराव बारंगे,अनिल परिहार, कुशनलाल उईके, उपस्थित थे।

## 4 लाख से अधिक लोग तुलसी पूजन से लाभान्वित

**छिंदवाड़ा।** तुलसी पूजन विश्वव्यापी अभियान अन्तर्गत श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरी और लिंगा आश्रम द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस हर्षोल्लास मनाया जा रहा है । श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में जिले भर में कार्यक्रम अनवरत जारी है । विद्यार्थी स्वस्थ रहे निरोगी रहे , तेजस्वी बने इस निमित सैकड़ों स्कूलों में विद्यार्थियों को तुलसी पौधे के महत्व से अवगत कराया गया । तुलसी पौधा 24 घण्टे ऑक्सीजन प्रदान करता है । इसकी परिक्रमा से ग्रह जनित बाधा से मुक्ति मिलती हैं । तुलसी दल सेवन से अनगिनत बीमारियों से छुटकारा मिलता हैं और यादशक्ति बढ़ती है । ऐसे अनगिनत फायदे तुलसी पौधे से है । तुलसी पौधा समस्त प्राणियों के लिए वरदान है ।

# सौंसर क्षेत्र की शिक्षा और कृषि को मिलेगी नई उड़ान

### दिल्ली में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़, पूर्व विधायक रमेश दुबे ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, ने मुलकात करते हुए सौसर में केंद्रीय विद्यालय व मोहगांव में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापना करने की मांग की गई है।मिली जानकारी के अनुसार नई दिल्ली प्रवास के दौरान पूर्व राज्यमंत्री मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा।

इस दौरान उन्होंने सौसर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा पांढुरना जिले के मोहगांव में कृषि विज्ञान केंद्र को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग प्रमुखता से उठाई। पूर्व मंत्री मोहोड़ ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि सौसर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है। इससे न केवल सौसर बल्कि आसपास के आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

वहीं नवगठित पांढुरना जिले के मोहगांव में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान का सीधा लाभ प्राप्त होगा, उन्होंने यहां विज्ञान केंद्र के लिए पर्याप्त सरकारी जमीन होने की बात श्री चौहान से कही। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सौसर में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति को लेकर वे संबंधित केंद्रीय मंत्री से अतिशीघ्र चर्चा करेंगे।वही पांढुरना जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की प्रक्रिया को अमल में लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा भी पूर्व मंत्री मोहोड़ को दिया। इस अवसर पर चौरई पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सालों से हो रही है सौंसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग

सौंसर क्षेत्र में सालों से केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग आम जनमानस के द्वारा की जा रही है। वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय नहीं होने के चलते सीबीएसई की शिक्षा के लिए सौसर क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं को निजी स्कूलों में जाकर मोटी फीस चूक हुई अध्यापन करना पड़ रहा है। बीते दिनों सौसर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को आवेदन भी सोपे गए, छिंदवाड़ा पांढुरना सांसद बंटी साहू ने भी सौसर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ की इस पहल से क्षेत्रवासियों में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि जल्द ही सौसर को केंद्रीय विद्यालय तथा मोहगांव को कृषि विज्ञान केंद्र की सौगात मिल सकेगी।

## रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का 42वॉ वार्षिक अधिवेशन बैडमिंटन कोर्ट संपन्न



**जुन्नारदेव।** रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का 42वॉ वार्षिक अधिवेशन बैडमिंटन कोर्ट छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गुलाब सिंह जी, मुख्य अतिथि सत्येंद्र ठाकुर जी जेड आर यू सी सी मेंबर बिलासपुर जोन एवं सांसद प्रतिनिधि छिंदवाड़ा, संगठन के अध्यक्ष श्री डी आर सिंगोतिया जी, एमपीवी के सेवानिवृत्ति एग्जीक्यूटिव इंजीनियर डी के नागरकर जी, रेलवे डॉक्टर मानसी शर्मा जी, संगठन के सचिव श्री एस एस राजपूत जी, ओम प्रकाश जी आमला, श्री डिमलो जी, के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो पेंशनर्स ने भाग लिया। समस्त अतिथियों एवं 15 वर्ष पूर्ण कर चुके सेवानिवृत कर्मचारियों का पुष्पहार एवं साल श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादन करवाने में मुख्य भूमिका सर्वश्री एस एन डेहरिया, शेख हफीज, ओंकार प्रसाद, रमना राव, भुनेश्वर नायक, पी के डे, करतार सिंह ठाकुर, चंद्रमोहन राव, अमृतलाल सनोडिया, कमल कुमार इत्यादि की रही। मंच संचालन लोको पायलट राज किशोर तिवारी द्वारा किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ सिंह मोतिया जी के द्वारा माननीय सांसद विवेक बंटी साहू जी के प्रयास से एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं लेडी डॉक्टर उपलब्ध कराने हेतु आभार प्रकट किया गया एवं यह भी मांग की गई कि संगठन के कार्यालय हेतु हमें आवास प्रदान करवाया जाए। कार्यक्रम के पश्चात स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

### खबर संक्षेप

## पंडित राजुल जोशी बने नारायणगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष



**मण्डला।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमेटी जीतू पटवारी द्वारा जिलों के अंतर्गत के नवीन अध्यक्षों की नियुक्ति की गई जिसमें नारायणगंज ब्लॉक के एडवोकेट पंडित राजुल ज्योतिषी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कमान सौंप गई आशा है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीति सिद्धांत और संगठन आत्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने की शक्ति भूमिका निभाएंगे इनकी नियुक्ति पर निवास विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय चैन सिंह वर्कड़े जी एवं समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन में हर्ष व्याप्त है जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक मर्सकोले जिला उपाध्यक्ष मगनलाल सोनी मल्लू मरावी जिला उपाध्यक्ष रघुनंदन विश्वकर्मा रघुनंदन सोनी गणेश पाठक पंडित चंद्रशेखर तिवारी विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी रमेश विश्वकर्मा राजू मरावी नूर अहमद खान भाव सिंह मंडल अध्यक्ष विपिन सोनी मंडल अध्यक्ष सुनील मलगाम मंडल अध्यक्ष नरेश सोनी भूपेंद्र जिला सदस्य प्यारी बाई गोठरिया मुकेश सोनी हिरदेश साहू प्रिंस अग्रवाल बसंत चक्रवर्ती हनुमत चक्रवर्ती कमल चक्रवर्ती संतोष बर्मन संदीप सोनी विपिन सोनी रुपेश अग्रवाल राजाराम राजाराम सुरेंद्र सिंगरौली बलराम साहू समस्त मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष शुभकामनाएं दी

### सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी, राजस्व एवं वन विभाग ने की कार्यवाही

# मुर्रम खुदाई से 15 पेड़ जमींदोज

*** मशीनों से रात को हो रहा था खनन का काम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



*"समरथ को नहीं दोष गोसांई"* यह कहावत सही मायने में मण्डला में ही चरितार्थ होती है जब कोई भी निर्माण एजेंसी या कार्यकारी एजेंसी पहुंच वाली होती है तो उसके लिये न तो कोई नियम मायने रखते हैं और न ही किसी तरह का कानून उनके आड़े आता है। आप इतिहास उठाकर देख लीजिये फिर चाहे वह सड़क निर्माण का मामला हो, रेत का उत्खनन एवं रेत के परिवहन का मामला हो, सीवरेज लाईन निर्माण कार्य हो या फिर शराब का अवैध विक्रय एवं परिवहन हो, इन सभी मामलों में जो रसूख वाले होते हैं उनके लिये कहीं कोई दिक्कत परेशानी नहीं होती।

अब हाल ही में देख लीजिये मण्डला-डिण्डौरी सड़क निर्माण कार्य जो जिस गति से एवं जिस तरीके से किया जा रहा है उससे लोग और स्थानीयजन परेशान हो रहे हैं लेकिन सड़क निर्माण कंपनी को कोई भी फर्क पड़ता नहीं दिखाई दे रहा।

कल तो उस समय इनकी दबंगता सामने आई जब यह मालूम चला कि रात्रि में इनके द्वारा लगाई गई मशीनों के माध्यम से मुर्रम का उत्खनन किया जा रहा था और उत्खनन इतने बड़े पैमाने पर हो रहा था कि इस उत्खनन से 15 बड़े पेड़ धराशायी हो गये। जो पेड़ गिरे उनमें 14 पेड़ सागौन के थे एवं 01 पेड़ महुआ का बताया जा रहा है। जैसे ही घटना की सूचना मिली वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच प्रारंभ की हालांकि जब तक अधिकारियों की टीम स्थल पर पहुंच पाती उसके पूर्व ही वहां लगी बड़ी-बड़ी मशीनों को हटा दिया गया।



जब वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि 15 वृक्ष गिरे हुये हैं जिनमें से 14 कीमती सागौन के वृक्ष हैं जिन्हें बिना अनुमति तो काटा ही नहीं जा सकता। विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई जब सीमा की जांच की गई तो बताया गया कि यह राजस्व की भूमि है लिहाजा इस पर कार्यवाही राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी करेंगे।

वन विभाग रेंजर द्वारा तहसीलदार मण्डला को पूरे मामले की सूचना दी गई और फिर राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और उन्होंने पंचनामा बनाकर कार्यवाही प्रारंभ की।

देर शाम तक कार्यवाही क्या हुई किस पर मामला बनाया गया इसकी कोई विधिवत जानकारी नहीं प्राप्त हो पाई कारण था कि कार्यवाही में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों से सम्पर्क करना संभव नहीं हो सका।

वन विभाग की रेंजर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुर्रम का उत्खनन हो रहा था जिसके चलते 15 वृक्ष धराशायी हो गये इसमें 14 सागौन के वृक्ष हैं।

जब हरिभूमि द्वारा उनसे यह पूछा गया कि सागौन के वृक्ष यदि काटे गये हैं या गिराये गये है तो वन विभाग का क्या दायित्व बनता है इस पर उनका कहना था कि काटे जाने पर तो हमारे विभाग द्वारा कोई प्रावधान नहीं है कारण यह कि वह राजस्व की भूमि है लेकिन परिवहन पर हमारा कानून चलेगा और ये सभी पेड़ वन विभाग के शासकीय काष्ठागार में ही रखे जायेंगे।

कार्यवाही के दौरान सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारियों द्वारा यह कहा जाता रहा कि हमने संबंधित कृषक से अनुबंध किया हुआ है और तभी हम उत्खनन कर रहे थे अब प्रश्न यह उठता है कि भूमि स्वामी से अनुबंध कर लेने मात्र से क्या उत्खनन की अनुमति जायज हो जाती है या फिर जो खनिज विभाग है उसकी भी कोई भूमिका खनन को लेकर होती है कि नहीं?

खनन के दौरान इतना तो ध्यान रखा जाना चाहिये था कि उत्खनन से किसी तरह वृक्षों को कोई क्षति न पहुंचे लेकिन अभिमान में चूर इन कर्मचारियों को तो शायद न तो किसी कानून का कोई खौफ है और न ही पर्यावरण की कोई चिंता।

# भुआबिछिया नगर में आवारा कुत्तों का आतंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से नगर सहित बच्चे छात्र छात्राएं, नगर वासी भयभीत है वहीं दो पहिया वाहन चालकों ओर स्कूल आते–जाते छात्र छात्राओं राहगीरों पर खौफ नजर आ रहा है। नगर क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है, चौंक चौराहों, मोहल्लों और घरों के आस पास पर लंबी टोली के साथ जब आवारा कुत्ते निकलते है तो देखते ही लोग दहशत में आ जाते है ऐसे समय में सुबह स्कूल जाते बच्चे शाम को छुट्टी के बाद बच्चों का वापिस होने के समय में आवारा कुत्तों की टोलियां भी निकलती है जिससे अभिभावक सहित नगर वासी चिंतित नजर आ रही है वहीं ऐसे समय में बेरोक-टोक टू-व्हीलर वाहन, मोटर साइकिल कार वाहनों को देखते ही कुत्ते दौड़ते और भौंकते हैं जिससे वहां चालक भयभीत अवस्था में दुर्घटना का शिकार बनता है, विकट लंबे समय से देखा जा रहा है कि नगरवासी प्रशासन को शिकायत करते है मगर इस संबंध में प्रशासन ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे आवारा कुत्तों की टोली बढ़ती जा रही है। बाजार के दिनों में आसपास ग्रामों से बाजार करने ग्राम वासी जब आते है उनका पीछा करते हुए आवारा कुत्ते भी नगर में प्रवेश कर जाते है मगर वापस गांव नहीं जाते कारण की नगर के होटलों, दुकानदारों के द्वारा फेंके गए रद्दी भोजन और रद्दी खाद्य पदार्थ जो सड़कों में फेक दिया जाता है उसे खाते खाते वे आवारा कुत्ते यहीं छूट जाते है।

## चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मण्डला।** श्री प्रकाश निवासी ग्राम जंगलिया तहसील निवास की 15 जून 2025 को रात में सोते समय सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण, मृतक निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पत्नि क्रांति बाई के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

भुआबिछिया नगर में आवारा कुत्तों का आतंक

हरिभूमि न्यूजःमण्डला/भुआबिछिया भुआबिछिया नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से नगर सहित बच्चे छात्र छात्राएं, नगर वासी भयभीत है वहीं दो पहिया वाहन चालकों ओर स्कूल आते–जाते छात्र छात्राओं राहगीरों पर खौफ नजर आ रहा है। नगर क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है, चौंक चौराहों, मोहल्लों और घरों के आस पास पर लंबी टोली के साथ जब आवारा कुत्ते निकलते है तो देखते ही लोग दहशत में आ जाते है ऐसे समय में सुबह स्कूल जाते बच्चे शाम को छुट्टी के बाद बच्चों का वापिस होने के समय में आवारा कुत्तों की टोलियां भी निकलती है जिससे अभिभावक सहित नगर वासी चिंतित नजर आ रही है वहीं ऐसे समय में बेरोक-टोक टू-व्हीलर वाहन, मोटर साइकिल कार वाहनों को देखते ही कुत्ते दौड़ते और भौंकते हैं जिससे वहां चालक भयभीत अवस्था में दुर्घटना का शिकार बनता है, विकट लंबे समय से देखा जा रहा है कि नगरवासी प्रशासन को शिकायत करते है मगर इस संबंध में प्रशासन ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे आवारा कुत्तों की टोली बढ़ती जा रही है। बाजार के दिनों में आसपास ग्रामों से बाजार करने ग्राम वासी जब आते है उनका पीछा करते हुए आवारा कुत्ते भी नगर में प्रवेश कर जाते है ।

**खबर संक्षेप**

## दान दिए धन ना घटे,घटे न सरिता नीर.....

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर छपारा के बैनगंगा तट पर गायत्री परिवार छपारा द्वारा आयोजित विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम में बाहर से पधारे सभी श्रद्धालुओं के रहने एवं भोजन व्यवस्था हेतु सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा द्वारा गायत्री परिवार को निशुल्क सामुदायिक सत्संग भवन उपलब्ध कराया गया। गायत्री परिवार द्वारा सत्संग भवन को आध्यात्मिक कार्यों द्वारा हेतु निशुल्क प्रदान करने के लिए समिति की प्रशंसा की गई । इसी कड़ी में सदगुरु कबीर साहेब की वाणी को चरितार्थ करते हुए केवलारी निवासी श्री सुरेंद्र कुमार साहू ने अपने स्वर्गीय ससुर श्री टीकाराम जी साहू छपारा की पुण्यस्मृति में सत्संग भवन के बरामदा में टाइल्स लगवा कर पुण्य कार्य में सहभागी बने ।सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति एक रजिस्टर्ड संस्था है समिति के द्वारा आर्थिक अभाव के कारण बरामदे में टाइल्स नहीं लगवाई जा सकी थी। पर टाइल्स लगना बहुत ही जरूरी था, ताकि यहां बैठकर भोजन प्रसादी की व्यवस्था बनाई जा सके और इसी कार्य को पूर्ण करा कर सुरेंद्र कुमार साहू ने नेक कार्य किया है ।

# नगर के व्यस्ततम पाश इलाके बाहुबली चौक में दुर्गा एजेंसी में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के व्यस्ततम पाश इलाके बाहुबली चौक में स्थित दुर्गा एजेंसी की एक बड़ी दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। बुधवार को सुबह लगभग 5 बजे आग लगने की घटना बताई जा रही है

वही इस मामले में दुर्गा एजेंसी के संचालक अनिल कुमार चकरानी ने बताया कि उक्त दोनों क्षेत्र में सुबह के समय बार बार लाइट गोल हुई थी और लाइट आने के बाद दुकान में लगे इलेक्ट्रॉनिक फ्रीजर उपकरण में इस स्पार्किंग हुई होगी जिसके चलते दुकान जल गई और दुकान में रखा पूरा सामान जल गया। उन्होंने बताया कि दुकान में दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम, दुकान का काउंटर, दूध दही को ठंडा रखने के उपकरण सहित अनेक सामग्रियां जल के राख हो गई।



### समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड

दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में आग लगने के बाद जब तेजी से बाहर निकलता धुआं व आग की लपटे आसपास के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। वही दुकान से कुछ दूर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में खड़ा दमकल वाहन तत्काल मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंचा। जिसके कारण आसपास की दुकान भी जलने से बच गई। समय पर फायर ब्रिगेड के आने से दुकान में लगी आग पर काबू तो पा लिया गया अगर 10 मिनट और विलंब हो जाता तो निश्चित रूप से उक्त दुकान के दोनों तरफ की अन्य दुकानें भी आग की चपेट में आ सकती थी। हालांकि आजू-बाजू की दुकान भी आग की चपेट में आई है लेकिन इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। दुकानों के ऊपरी हिस्से में लगे फ्लेक्स, बोर्ड जले हैं।

### नगदी, उपकरण जले

इस मामले में जब दुकान संचालक से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दुकान के कैश काउंटर में लगदी रुपए भी रखे थे और जले हुए उपकरण, खाद्य सामग्री आदि में कुल कितना नुकसान हुआ है वह अभी इसकी पूरी जानकारी नहीं बता सकते हैं। पूरी तरह साफ-सफाई करने के बाद नुकसान कितना हुआ इसकी जानकारी लग पाएगी।



# पुलिस लाइन सिवनी में 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का हुआ प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक सिवनी के आदेश पर पुलिस लाइन सिवनी में किशोर एवं किशोरियों को आत्मरक्षा लैंगिक सकारात्मक कार्य एवं नेतृत्व पल के माध्यम से सशक्तिकरण हेतु सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों से परिचय प्राप्त किया गया और उन्हें सृजन कार्यक्रम के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई, कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा द्वारा समस्त किशोर एवं किशोरियों को 18 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरो, विशेषकर मुश्किल परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को विभिन्न मुश्किल परिस्थितियों जैसे बाल विवाह, शाला त्यागना ,बाल श्रम और पारिवारिक हिंसा आदि से बाहर निकालने हेतु सशक्त बनाना और उपरोक्त चुनौतियों से निपटने के लिए उनके कौशल और क्षमताओं को विकसित करते हुए उनके लिए एक सुरक्षित स्वस्थ और बेहतर जीवन निर्माण हेतु प्रयास करना है।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के समस्त जिलों के साथ जिला सिवनी में भी दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत सिवनी जिले के 1310 ग्रामों में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान में 214 विभागीय अमला, पशु मैत्री एवं गौ सेवक सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। ये टीम जिले के लगभग 10,210 पशुपालकों के घर-घर जाकर प्रत्यक्ष भेंट करेगी।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक करना है, ताकि दुग्ध उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो सके। पशुपालकों को संतुलित आहार, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, कृत्रिम गर्भाधान तथा उन्नत नस्लों के लाभों की जानकारी दी जा रही है।

इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध व्यवसाय को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं सुविधाओं के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान से जिले में पशुपालकों की आय बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा प्रदेश के दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# नवांकुर संस्था- सत योगी सोसायटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था के द्वारा कराया गया जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत दिघोरी की वैन गंगा नदी में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश**

**जल भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत दिघोरी की वैन गंगा नदी में जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया। डॉ .मोहन यादव कीमंशा के अनुरूप 16 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायत दिघोरी में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नवांकुर संस्था एवं c.m.c.l.d p. के छात्र-छात्राए ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और जल संरक्षण का एक मजबूत संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित किया कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के निर्देशन में ग्रामीणों द्वारा लगभग 40 बोरी लगाकर नदी में अस्थाई बांध तैयार किया गया इस बोरी बंधन से वर्षा जल के संचयन में वृद्धि होगी जिससे न केवल आसपास के खेतों में नमी बढ़ेगी बल्कि भूजल स्तर में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा ग्रामीणों ने सामूहिक



प्रयास से यह सिद्ध किया कि छोटे-छोटे कार्य भी बड़े बदलाव ला सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया ने ग्रामीणों को जल संचय अभियान नाला संरक्षण और जल प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि जल भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसे बचाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है अंत में ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि जल संरक्षण जैसे लोकहित कार्य को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि भविष्य की पीढ़ियां जल संकट से मुक्त होकर सुरक्षित जीवन जी सके इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया नवांकुर संस्था से जितेंद्र लिल्हारे एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से शोभा बघेल परामर्शदाता श्रीमती कविता बेले परामर्शदाता एवं c.m.c.l.d.p. के छात्र-छात्राएं मौसम उइके अनुश्री यादव आर्यन यादव परी विश्वकर्मा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से मनोरंजन सिंह बघेल सचिव एवं ग्रामीण नितेश कटरे ललित वैश एवं सलिल तिवारी जी की उपस्थिति रही।

# पांच हजार का ईनामी फरार आरोपी चढ़ा कोतवाली पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

थाना कोतवाली सिवनी के अपराध क्रमांक 899/2025 धारा 121(1),132,221,296, 324(4),351(3), 191(2) बीएनएस के फरार आरोपी नरेन्द्र ठाकुर एव योगेश राजपूत के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र करने और उसकी शीघ्र धरपकड़ सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा प्रत्येक पर 5000-5000 रुपये ईनाम की उदघोषणा का आदेश जारी किया गया है। आरोपी नरेन्द्र ठाकुर जो कि थाना कोतवाली सिवनी क्षेत्र का सक्रिय गुण्डा बदमाश है जिसके विरूध्द कई गंभीर मामलें माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए के हर संभव प्रयास किये गये, जिसके परिणाम स्वरूप आज दिनांक 16/12/25 को मुखबिर एवं तकनीकी मदद से आरोपी गुडडू ठाकुर को गिरफतार किया गया है।
मामले में अभी तक नामजद कुल 07 में से 05 आरोपीगण क्रमश ओमप्रकाश दुबे, अखिलेश खेडीकर, कुलदीप ठाकुर, ब्रजेश राजपूत, अजय ठाकरे को पूर्व में गिरफतार किया जा चुका है जो दिनांक 22/12/2025 तक के लिये न्यायिक रिमांड



पर है। मामले के मुख्य आरोपी योगेश राजपूत की तलाश जारी है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। ज्ञात हो कि योगेश राजपूत बालाघाट जिले के मालखाना गबन के अपराध क्रमांक 628/25 धारा 316 (5) बीएनएस 13 (1) ए, 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधि0 1988 में भी सह आरोपी है, इनकी गिरफ्तारी हेतु भी पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा 05 हजार का ईनाम घोषित किया था। जिला सिवनी के उक्त अपराध में 05 हजार के फरार ईनामी अपराधी योगेश राजपूत के सबंध में आम जन से आपेक्षा है कि कोई भी गोपनीय सूचना थाना कोतवाली सिवनी को देवें, तो सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखा जावेगा।
उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी, आर. प्रतीक बघेल, इरफानुद्दीन की विशेष भूमिका रहीं है।

### इधर, पुलिस ने सडक़ पर खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई

कोतवाली पुलिस एवं ट्रैफिक थाना पुलिस द्वारा नगर पालिका चौक, मेन रोड मार्केट एरिया, शंकर मढिय़ा, एलआईबी चौक, दुर्गा चौक होते हुए नेहरू रोड में भ्रमण किया गया । जिस दौरान तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनों, बिना नंबर वाले वाहनों, सडक़ पर खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई जिस दौरान 18 से 20 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के साथ सडक़ किनारे वाली दुकान के संचालकों को समझाइश दी गई कि ग्राहकों को वहान खड़ा करने के लिए दुकान के सामने जगह दे, अनावश्यक सामान एवं बोर्ड वगैरह पार्किंग स्थल पर ना रखें ।

# हवन पूजन भंडारा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

**छपारा।** छपारा नगर के गोल्डन टेंपल परिसर बेनगंगा तट में गायत्री परिवार छपारा द्वारा आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं 5 दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया
प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक गायत्री यज्ञ एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया था, इस आयोजन में सभी प्रकार के संस्कार हुए, जैसे विद्या आरम्भ, दीक्षा संस्कार, पुण्यपुष संस्कार, जन्मदिन संस्कार एवं अन्य संस्कार हरिद्वार से पधारे विद्वानों के द्वारा कराए गए, इस दौरान केवलारी



विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह एवं सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन, नगर छपारा की सी एम ओ सुश्री गीता वाल्मीकि, परिषद के उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह सहित छपारा नगर के राजनैतिक पार्टी से नेतागण एवं नगर के समस्त पत्रकार बंधुओ ने हवन पूजन कर व्यास गद्दी पर प्रज्ञा पुराण का वाचन कर रहे बंदेवार जी से आशीर्वाद लिया, पूर्णाहुति के बाद यज्ञ का समापन हुआ, गायत्री परिवार छपारा ने यज्ञ में सम्मिलित हुए सभी समस्त श्रद्धालुओं भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# 343 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आई टी आई एवं शासकीय महाविद्यालय लखनादौन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 17 दिसम्बर को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 9 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। आयोजित रोजगार मेले में 577 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 343 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से पुखराज द्वारा 45, आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 30, ग्रो फास्ट एग्रोटेक द्वारा 36, सीआईआई



स्किल छिंदवाडा द्वारा 45, एस.बी.आई. लाइफ द्वारा 39, गोल्डन फार्मर द्वारा 37, एल.एन.जे. जबलपुर द्वारा 47, मारूति सुजूकी द्वारा 35 एवं मोबिटी पे द्वारा 29 आवेदकों का रोजगार के लिए प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिए मारूति सुजूकी द्वारा द्वारा 15 आवेदकों का चयन किया गया एवं आरऐसीटी सिवनी द्वारा 15 आवेदकों का प्रशिक्षण हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेलें में उपस्थित आवेदकों का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया एवं कांउसलिंग की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 1 आवेदक को 5 लाख रूपयें राशि की ऋण स्वीकृति पत्र जारी किया गया। उक्त मेले में श्री व्ही.के. सदाफल जिला रोजगार अधिकारी सिवनी, श्री मोहन सोमकुवर प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिवनी, श्री राजेंद्र कुमार प्लेंसमेंट ऑफिसर शासकीय आई०टी०आई लखनादौन, प्राचार्य श्री तलवारे शासकीय महाविद्यालय लखनादौन एवं प्लेसमेंट आफिसर श्री संकोलिया, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**बैठक में राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-अभिलेख सुधार सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में बुधवार, 17 दिसम्बर को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से संबंधित प्रकरणों में समय-सीमा के भीतर समुचित जांच कर प्रभावित हितग्राहियों को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने सायबर तहसील के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि पटवारी प्रतिवेदन के अभाव में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी एवं सतत कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों को अधिकार-पत्रों का वितरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए।
राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने नरवाई प्रबंधन पर अभी से विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि रबी फसल कटाई के पश्चात किसान नरवाई का प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्रबंधन करें। इस उद्देश्य से किसानों को जागरूक करते हुए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं बेलर जैसे उन्नत कृषि उपकरणों के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाए।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा करते हुए शेष किसानों का पंजीयन समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के विकास कार्यों हेतु भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा कर सभी प्रकरणों का नियमानुसार, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**अभ्युदय मध्य प्रदेश क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**

**प्रदेश की विकास यात्रा से जुड़ें, इनाम जीतें**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के अभ्युदय एवं विकास की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा अभ्युदय मध्य प्रदेश क्विज का आयोजन किया जा रहा है।**

यह क्विज प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित है, जिसमें सभी वर्गों के नागरिक सरल एवं डिजिटल माध्यम से भाग ले सकते हैं।

**रजिस्ट्रेशन कैसे करें**

प्रतिभागी वेबसाइट www.veerb-haratnyas.comव पर विजिट कर अथवा क्यूआर कोड स्कैन कर आसानी से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। मोबाइल के माध्यम से घर बैठे भाग लेने की सुविधा उपलब्ध है।

**पुरस्कार एवं सम्मान**

क्विज के विजेताओं को स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी 2026) के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत 24 आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, महिला समूहों एवं सामाजिक संगठनों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस क्विज में भाग लें, अपने परिवार व मित्रों को भी जोड़ें तथा मध्य प्रदेश के अभ्युदय की इस साझा यात्रा का हिस्सा बनें।

# मक्का फसल की बीमा राशि दिलाये जाने कलेक्टर से लगाई गुहार

**सिवनी,/** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडारयत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। जिलास्तरीय जनसुनवाई में सिवनी निवासी संदीप खांडिलकर द्वारा राजस्व अभिलेख दूरूस्त किये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार खुर्द निवासी बसीराम चौहान द्वारा मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम आदेगांव निवासी सावित्री यादव द्वारा राशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम छिडियापलारी सिवनी निवासी मानसिंह सराठे द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम पलारी सिवनी निवासी मानसिंह सराठे द्वारा वृद्धापेंशन दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम सर्रा निवासी इंद्रकला परते द्वारा पति की मृत्यु उपरांत ग्रेज्युटी पेंशन जीपीएफ की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बम्होडी सिवनी निवासी देवदास यादव द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, अकबरवार्ड सिवनी निवासी मोहम्मद नसीम अंसारी द्वारा भूमि का सीमांकन एवं नक्शा बनाये जाने विषयक, कबीरवार्ड ज्ञानी मोहल्ला सिवनी निवासी शिवकुमारी प्रजापति द्वारा शासकीय पक्की नाली बनाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम खंडासा निवासी मनोज बट्टी द्वारा स्वामित्व योजना की सर्वे सूची में नाम जोडे जाने एवं अधिकार अभिलेख दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम कारीधून निवासी कृष्णा पंद्रे द्वारा पति के पानी में डूबने से हुई मृत्यु उपरांत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम भरिया टोला खुरसिपार निवासी संदीप यादव एवं अन्य द्वारा आवागमन हेतु रोड निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम बकोडी सिवनी निवासी ध्रुवचंद डहेरिया द्वारा कपिलधारा योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम बगलई निवासी तेजलाल बघेल द्वारा आवासी पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरी टीका निवसी कृष्णकुमार यादव व अन्य द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम बंडोल निवासी नीता नागले द्वारा किसान सम्मान निधी की राशि दिलाये जाने विषयक, गाम छुई सिवनी निवासी रामकुमार परिहार द्वारा मकान का आवासीय पटटा दिलये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम मन्होरी माल निवासी सुखचैन द्वारा भूमि का नक्शा सुधार कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम बिलकटा निवासी मुकुंद कुमार द्वारा समग्र पोर्टल पर पिता का नाम सुधरवाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम दौरी निवासी अन्नीलाल डहेरिया द्वारा मक्का फसल की बीमा राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

खबर संक्षेप

## श्री दादाबाड़ी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट ने अपना वार्षिक स्नेह सम्मेलन मनाया



**बालाघाट।** कार्यक्रम के मुख्यअतिथि आदरणीय पदमेश शाह जी डिस्ट्रिक्ट जज बालाघाट, विशेष अतिथि श्रीमती भारती ठाकुर जी अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बालाघाट, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय लूनिया जी मैनेजिंग ट्रस्टी पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट, बालाघाट के हस्ते दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती दादागुरुदेव एवं महावीर स्वामी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, दादागुरुदेव की वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं परम्परानुसार अतिथियों का स्वागत सत्कार दादाबाड़ी जैन शाला परिवार के द्वारा किया गया। शाला में अध्ययनरत बोर्ड की कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को एवं खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए बच्चों को स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया। इसके पश्चात नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों द्वारा तैयार किये गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की एक से बढ़कर एक प्रतिभायें देखने को मिली जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर दादाबाड़ी शिक्षा समिति के अध्यक्ष आदरणीय सुभय वैद्य जी, सचिव आदरणीय राजेश जैन जी, कोषाध्यक्ष आदरणीय ज्ञानचंद कांकरिया जी, मार्गदर्शक सदस्य आदरणीय अभय सेठिया जी, आदरणीय अभिनव बाफना जी, आदरणीय गौरव सिंगी जी, आदरणीय आर.एस. बैस जी सेवानिवृत प्राचार्य, आदरणीय शुभम चौरड़िया जी, श्रीमती योगिता बोपचे जी पार्षद, श्रीमती संगीता कावरे जी पार्षद, प्रिंसिपल सुश्री अलका चौधरी, वाइस प्रिंसिपल श्रीमती लक्ष्मी उके, समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावककों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

## जल संचय अभियान अंतर्गत बोपली में किया गया बोरी बंधान

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोपली और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और के संयुक्त प्रयास से जल संचय अभियान अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बोपली नाले में बोरी बंधान किया गया। इस दौरान बोरी बंधान के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान बताया गया कि जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बोरी बंधान बहुत अच्छी पहल है, आज के समय में बड़ी-बड़ी नदियां गर्मी के समय सूख जाती है इन सब नदियों का प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी विगत कई वर्षों से इस प्रकार स्वैच्छिक और सामुदायिक रूप से पानी बचाने के लिए अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं। अंत में जल संरक्षण के लिए सभी उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई।

# ग्राम कान्द्रीकला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफल निरीक्षण हुआ

**किरनापुर:-राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के अधीनस्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांद्रीकला का सफल निरीक्षण संपन्न*श्रीमान जिला कलेक्टर बालाघाट *श्री मृणाल मीना, अनुविभागीय अधिकारी श्री मायाराम कोल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप* के दिशा-निर्देशन में विकासखण्ड किरनापुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर के अधीनस्थ आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कांद्रीकला में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुदृढ़ करने हेतु निर्धारित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।**

इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय दल द्वारा एन.क्यू.ए.एस. निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में *नेशनल असेसर डॉ. निलंजन गंगोपाध्याय एवं डॉ. आकृति कुमार* सम्मिलित थे। निरीक्षण के दौरान संस्थान में उपलब्ध ओपीडी सेवाएँ, औषधि वितरण व्यवस्था, स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण, रोगी सुरक्षा, रोगी अधिकार तथा अभिलेख संधारण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।



एन.क्यू.ए.एस. के प्रावधानों के अनुरूप यह सुनिश्चित किया गया कि मरीजों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्ता आधारित सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे* ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में वर्तमान में *सी.एच.ओ. द्रोणिका लिल्हारे, ए.एन.एम. श्रीमती कांता श्यामकुवर, सेक्टर सुपरवाइजर श्री प्रदीप येरपुड़े, आशा सुपरवाइजर श्रीमती संगीता बाहें तथा आशा कार्यकर्ता शोभा पतरे, मीना तुरकर, प्रमिला गायधने, सतवंती ठाकरे, प्रमिला मेंढे एवं हिरन कोरे पदस्थ हैं।

संस्था को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सी.एम.एच.ओ. डॉ. परेश उपलप, जिला क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. पंकज महाजन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे, डी.पी.एम. श्री विक्रम सिंह ठाकुर एवं प्रभारी सी.पी.एच.सी. सलाहकार श्री राजाराम चक्रवर्ती के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कार्य किया गया। इसके साथ ही जिला क्वालिटी मेंटर श्री विनोद कामड़े तथा सी.एच.ओ. मेंटर श्रीमती ज्योति राहंगडाले एवं समस्त सी.एच.ओ. का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ।स्वास्थ्य विभाग का निरंतर प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एन.क्यू.ए.एस. के अंतर्गत नियमित निगरानी, मूल्यांकन एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर हुआ व्यापक मंथन

### बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू ने की



**हरिभूमि न्युज बालाघाट ।** जनपद पंचायत बिरसा के सभागार कक्ष में 17 दिसंबर को स्थाई शिक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू ने की। बैठक में मुख्य रूप से त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की तुलनात्मक समीक्षा,आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी और निदानात्मक कक्षाओं की विषयवार समीक्षा,बोर्ड परीक्षाओं की विषयवार समीक्षा,सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम की स्थिति,अथिति शिक्षकों को समय में वेतन भुगतान की समीक्षा, निःशुल्क साइकिल वितरण की जानकारी,जर्जर भवनों की जानकारी,स्कूलों की सफाई पुताई की जानकारी और समीक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर दोपहर 1 बजे से आज सर्व संकुल प्राचार्यों की बैठक ली गई।त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की विषयवार विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी कक्षाएं,मॉडल प्रश्नपत्रों के माध्यम से अभ्यास एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया।उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि परीक्षा केवल मूल्यांकन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सीख को सुदृढ़ करने का अवसर भी है।उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती है,इसलिए इसकी तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आज की बैठक में उपाध्यक्ष/सभापति शिक्षा समिति हेमंत साहू के साथ ही शिक्षा समिति सदस्य और सहकारिता सभापति गायत्री अमर मराठे,विकासखंड अधिकारी बिरसा के.के.पारधी,निक्कुम प्राचार्य एन.के.वैध,.पी.कटरे, कुलदीप कटरे,सौरभ शर्मा,कुमुद धुवारे,हेमंत राणा,केदारसिंह छेदाम सहित सर्व संकुल प्राचार्य हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल विकासखंड बिरसा के साथ ही विकासखंड कार्यालय से दिलीप मरकाम की उपस्थिति रही।

## केशव विद्यालय में कार्यशाला संपन्न

**वारासिवनी।** स्थानीय केशव इंग्लिश उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में शासन द्वारा उच्च शिक्षा में छात्रों की शत प्रतिशत प्रविष्टी एवं उन्हे प्रवेश के समय आने वाली परेशानियों से बचाने हेतु एस. एस. पी. कालेज के हिन्दी विभाग के प्रो. कृष्णा पराते एवं प्रो. शिखा वासनिक तथा समाजशास्त्र विषय की शिखा देवगिरकर ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने उच्च शिक्षा के साथ स्वरोजगार अपनाने एवं शिक्षा को जीवन में उतारने की बात कही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 12 वीं के बच्चों के साथ समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।




# क्षेत्र के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बिखेरी प्रतिभा की चमक

### दो दिवसीय खेल महोत्सव का रंगारंग समापन

**वारासिवनी।** नगर के रानी अवंतीबाई स्टेडियम व इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन भाजपा नेता शैलेन्द्र सेठी व अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर आयोजकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों व टीमों को पुरस्कार नगद राशि, शील्ड, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।



### फुटबाल बालक में खैरलॉजी, बालिका में कायदी बनी विजेता

प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए हॉकी व बैंडमिंटन कोच गणेश सिंह ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 से 35 वर्ष के युवक-युवतियों द्वारा भाग लिया गया। दो दिनों तक खेले गए खेलों में फुटबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में खैरलॉजी की टीम, बालिका वर्ग में कायदी की टीम, हॉकी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में घुबडग़ोदी व खैरलॉजी, व्हालीवाल प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में कायदी, कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सिकन्द्रा व बालिका वर्ग में वारासिवनी टीम विजेता रही।

### बैंडमिंटन व कुश्ती में इनका हुआ चयन

इसी प्रकार बैंडमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग में अमन पटेल, हर्ष प्रताप सिंह ठाकुर, ईशान शेख, अनमोल आहूजा, कृष्णा गोखले, आशुराम रिजवानी और बालिका वर्ग में सोनल करण, आकांक्षा रेवेकर, सानिया दुबे, पूर्वा नगपुरे, ऋषिका टेटे, धरा देशमुख ने विजय होकर जिला स्तर पर खेलने की पात्रता हासिल की। कुश्ती प्रतियोगिता का मोहित चामलाटे कायदी, शतरंज प्रतियोगिता बालक वर्ग में मानस बंसोड विजेता व गौरव बघेल प्रजेता बने। बालिका वर्ग में कुमारी फाल्गुनी बिसेन विजेता व आरवी विजयवार प्रजेता रही।

### दौड़ 100 मीटर में रिकेश, 200 मीटर में सुमित व 1500 मीटर में आयुष ने पाया प्रथम स्थान

एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम रिकेश पंचेश्वर थानेगॉव, द्वितीय मोहित चामलाटे कायदी, बालिका वर्ग में प्रथम सानिया बेग रामपायली व द्वितीय पायल सूर्यवंशी कायदी, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम सुमित उइके बकेरा व द्वितीय स्वराज नेवारे बघोली, बालिका वर्ग में प्रथम कुमारी डिलेश्वरी लिल्हारे वारासिवनी व द्वितीय वीणा सेवईवार वारासिवनी, 1500 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम आयुष मुंजारे खैरलॉजी व द्वितीय रिकेश पंचेश्वर वारा तथा बालिका वर्ग में प्रथम तीजन कावरे वारासिवनी व द्वितीय स्थान कुमारी जान्हवी लिल्हारे खैरलॉजी ने पाया। वहीं गोला फेंक प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम ईशांत कावरे वारा व द्वितीय निहाल मालाधारी वारा, बालिका वर्ग में प्रथम तमन्ना संस्वार वारासिवनी व द्वितीय संजना परते कोस्ते ने हासिल किया।

### इनका रहा विशेष सहयोग

इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। सभी विजेताओं व उपविजेताओं को आयोजन समिति की ओर से नगद राशि सहित शील्ड, ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न करवाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका भाजपा नेता शैलेन्द्र सेठी द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भाजपा नेता शैलेन्द्र आहूजा, टीम मैनेजर व कोच गणेश सिंह ठाकुर, इंजीनियर राहुल तुरकर, पंकज परते, हर्ष प्रताप ठाकुर, गणेश बोदे, राजेश बिसेन, राजेन्द्र सहारे, राजेश सोनेकर, डेलेन्द्र रहांगडाले, आशा चौधरी, सोमनाथ पटले, प्रमेन्द्र पारधी,अनिल उइके, इकबाल कुरैशी, नीरज धुवारे, हेमंत माहुले, सौरभ मेश्राम, पुरुषोत्तम लिल्हारे, विजेन्द्र उइके, खेमलाल वरकड़े, भीमराज ठाकरे, उमेश सपाटे, टेकचंद ठाकुर, अरुण भोंडेकर, लक्ष्मण बहेटवार, मुकेश कावडे, धनवंता देशमुख, विकास साहू, विवेक खरगाल खैरलॉजी, ममता पटले समन्वयक, दिव्या मोहारे सहित प्रशासनिक अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर ने की जनजातीय विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



## बैगा जनजाति के लिए आहार अनुदान प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करें

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 17 दिसंबर कों जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम परख एप से छात्रावासों एवं आवासीय शिक्षण संस्थाओं के निरीक्षण की जानकारी ली गई। इसके साथ ही शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की प्रगति एवं विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि परख एप से छात्रावासों के निरीक्षण में कमियां पाये जाने पर दो अधीक्षकों को निलंबित किया गया है और 04 अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। कलेक्टर श्री मीना ने छात्रवृत्ति का शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए और कहा कि कक्षा 09 से कालेज स्तर के विद्यार्थियों के ओटीआर शीघ्रता से शत प्रतिशत करायें। बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें छात्रावास भवनों के निर्माण के लिए भूमि के उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि छात्रावास का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जाए जिससे छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। आमगाँव, परसवाडा व मलाजखंड में सांदीपनि विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि इन विद्यालयों में शीघ्र कक्षाए संचालित की जाए ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की रूकावट ना आने पाए। बिरसा, परसवाडा व बालाघाट में कन्या शिक्षा परिसर में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा के दौरान सम्बंधित प्रधानाध्यापको को निर्देशित किया गया कि परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे। बैठक में सिविल सेवा प्रोत्सासहन योजना, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत राहत राशि वितरण, आदिवासी वित्त विकास निगम की स्वरोजगार योजना, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।

# नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतार कर सर्वांगीण विकास करें- मृणाल मीणा

## स्काउट एवं गाइड के 07 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**वारासिवनी। भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र टिहलीबाई स्कूल वारासिवनी में स्काउट गाइड के शिक्षकों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस 7 दिवसीय शिविर में प्रदेश के स्काऊट-गाईड के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 15 दिसम्बर को कलेक्टर मृणाल मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ।**

इस अवसर पर वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, भारत स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, आयुक्त के जी बिसेन, डॉ विजयकांत तिवारी, स्काउट गाइड के अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।



**लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण:** कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्री मीना द्वारा स्काउट गाइड की स्थापना करने वाले लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उसके बाद कलेक्टर श्री मीणा का स्काऊट गाईड की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वह नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतारें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्काउट गाइड के टिहलीबाई स्कूल स्थित पुराने भवन के सुधार एवं मरम्मत आदि के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

**टिहलीबाई द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है-छगन हनवत**

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बताया कि टिहलीबाई द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देते हुए स्कूल भवन के लिए यह भूमि दान की गई थी। दान की गई भूमि पर बना यह भवन लगभग 80 साल पुराना हो गया है। इस भवन के एक हिस्से में भारत स्काउट गाइड जिला संघ का कार्यालय संचालित किया जा रहा है और इसमें स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ पदाधिकारी पंचम हनवत, भेजेंद्र चौधरी, ललित मिश्रा, ईनेंद्र डहरवाल, डॉ. नीरज अरोरा, सुरेश कुर्वे, लखपति बिसेन, हरिप्रसाद देशमुख एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# लालबर्रा में स्वयं सहायता समूहों का ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय भोपाल के निर्देशन एवं क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में आज 17 दिसंबर 2025 को लालबर्रा जनपद में अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा स्वयं सहायता समूहों (SHG) के लिए ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के डॉक्टर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की लालबर्रा एवं कंजई शाखा के शाखा प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं एवं कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं बचत की आदत विकसित करती हैं तथा सामूहिक रूप से ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार, कृषि, पशुपालन एवं लघु उद्योगों में निवेश कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अटल पेंशन योजना (APY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), सुकन्या समृद्धि योजना एवं सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। पशुपालन विभाग के डॉक्टर द्वारा कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर योजना तथा 10 मादा व 01 नर ईकाई की बकरी पालन योजना की जानकारी देकर पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने के उपाय बताए गए। ऋण वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 20 स्वयं सहायता समूहों को लगभग 57 लाख रुपये की ऋण राशि वितरित की गई। अधिकारियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, महिलाओं को वित्तीय निर्णयों में भागीदारी देने तथा गरीबी उन्मूलन और स्वरोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।